# एचजीएच इण्डिया प्रदर्शनी दो जुलाई से

लखनऊ। देश-विदेश के व्यापारियों एवं उत्पादकों को एक प्लेटफार्म मुहैय्या कराने के उद्देश्य से मुंबई (गोरेगांव) में 2 से 4 जुलाई 2019 के बीच एसजीएच इंडिया अपनी आठवीं प्रदर्शनी लगाएगा। पत्रकारो से एचजीएच इंडिया के एमडी अरुण रूंगटा ने बताया कि 2012 में पहली बार यह मेला लगा था, तब 140 एक्जीबिटर्स थे, जो अब बढ़कर 600 हो चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस वर्ष होने वाली प्रदर्शनी में करीब देश के व 32 देशों के 700 से अधिक एक्जीबिटर्स भाग लेंगे। इस प्रदर्शनी में 480 शहरों से करीब 40 हजार लोग जुटते हैं, जो इस वर्ष 50 हजार के बीच पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी देश-विदेश के सभी होम डेकोर व इससे जुड़े उत्पादक शामिल होते हैं।

राष्ट्रीय सहारा लखनऊ

7 मार्च 2019